# बिहार सरकार
## ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र० / SBPDCL–01 / 2021– / पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषय :– साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० के क्षेत्राधीन विद्युत आपूर्ति अंचल पेसू (पूर्वी) पटना के अंतर्गत कृषि फार्म में दो अदद 2X10 एम०भी०ए०, 33 / 11 के०वी० का नया शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 19.39 करोड (उन्नीस करोड़ उनचालीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना की पुनरीक्षित लागत 20.37 करोड़ (बीस करोड़ सैंतीस लाख) रूपये व्यय करने की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2026–27 में शेष राशि 1.51 करोड़ (एक करोड़ इक्यावन लाख) रूपये साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेश–स्वीकृत।

विभागीय राज्यादेश संख्या–2227 दिनांक–02.09.2021 के द्वारा साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० के क्षेत्राधीन विद्युत आपूर्ति अंचल पेसू (पूर्वी) पटना के अंतर्गत कृषि फार्म में दो अदद 33 / 11 के०वी० 2X10 एम०भी०ए० का शक्ति उपकेंद्र के निर्माण हेतु 19.39 करोड़ (उन्नीस करोड़ उनचालीस लाख) रूपये एवं विपत्र समाहरण केन्द्र के साथ विद्युत आपूर्ति प्रशाखा भवन के निर्माण हेतु 45.64 लाख (पैंतालीस लाख चौसठ हजार) रूपये अर्थात कुल 19.8464 करोड़ (उन्नीस करोड़ चौरासी लाख चौसठ हजार) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 में 40.60 लाख (चालीस लाख साठ हजार) रूपये साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु विभागीय राज्यादेश संख्या–1021 दिनांक–16.03.2022 द्वारा 18.86 करोड़ रूपये उपलब्ध कराया गया है।

2. साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० के क्षेत्राधीन विद्युत आपूर्ति अंचल पेसू (पूर्वी) पटना के अंतर्गत कृषि फार्म में दो अदद 2X10 एम०भी०ए०, 33 / 11 के०वी० का नया शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु पुनरीक्षित लागत 20.37 करोड (बीस करोड़ सैंतीस लाख) रूपये की स्वीकृति प्रदान करने एवं अतिरिक्त राशि 1.51 करोड़ (एक करोड़ इकवान लाख) रूपये उपलब्ध कराने का अधियाचना प्राप्त है।

3. उक्त आलोक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० के क्षेत्राधीन विद्युत आपूर्ति अंचल पेसू (पुर्वी) पटना के अंतर्गत कृषि फार्म में दो अदद 2X10 एम०भी०ए०, 33 / 11 के०वी० का नया शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 19.39 करोड (उन्नीस करोड़ उनचालीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना की पुनरीक्षित लागत 20.37 करोड (बीस करोड़ सैंतीस लाख) रूपये व्यय करने की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2026–27 में शेष राशि 1.51 करोड़ (एक करोड़ इक्यावन लाख) रूपये साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं० लि० को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. बजट मांग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघुशीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0106 साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900106 विषय शीर्ष–54.01–निवेश के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

5. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी०एल० खाता संख्या–PTSPLA017) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0047–साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200047 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200047 में जमा की जाएगी।

6. साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए CFMS खाता संख्या–PTSPLA017 से की जाएगी।

7. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 7355 दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इसमें प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

8. उक्त योजना की पुनरीक्षित लागत की स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार सचिव का अनुमोदन संचिका सं0–प्र०/SBPDCL–01/2021 के पृष्ठ संख्या–24/टि0 पर दिनांक–24.06.2026 को प्राप्त है।

9. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0–प्र०/SBPDCL–01/2021 के पृष्ठ संख्या–27/टि0 पर दिनांक–10.07.2026 को प्राप्त है।

10. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–

**(सुधा गुप्ता)**

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र०/SBPDCL–01/2021 – /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आव00श्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–प्र०/SBPDCL–01/2021– 3921 /पटना, दिनांक– 20.07.2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग(तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20.07.26

**सरकार के संयुक्त सचिव।**